
# Bhagwati Baglamukhi Sarvajana Vashikaran Mantra
# भगवती बगलामुखी सर्वजन वशीकरण मंत्र

**Sumit Girdharwal Ji**
**9540674788, 9410030994**
**sumitgirdharwal@yahoo.com**
**www.baglamukhi.info**
**www.yogeshwaranand.org**



मां बगलामुखी को सामान्यतः सभी लोग शत्रुओं का नाश करने वाली, उनकी गति, मति, बुद्धि का स्तम्भन करने वाली, मुकदमे एवं चुनाव आदि में विजय दिलाने वाली शक्ति के रूप में जानते हैं। लेकिन यह बात केवल कुछ ही लोग जानते हैं कि वे जगत का वशीकरण भी करने वाली हैं। यदि उनकी कृपा प्राप्त हो जाये तो साधक की ओर सभी आकर्षित होने लगते हैं, वह जंहा बोलता है, वंही उसे सुनने को जन समूह उमड़ पड़ता है। उसका दायरा बहुत व्यापक हो जाता है। कोई भी स्त्री, पुरूष, बच्चा उसके आकर्षण में ऐसा बंध जाता है कि अपनी सुध-बुध खो बैठता है और वही करने के लिए विवश हो जाता है, जो साधक चाहता है।

इस साधन को करने के लिए अति गोपनीय मंत्र का उल्लेख मैं यंहा साधकों के लिए कर रहा हूॅ । लेकिन साधक सदैव स्मरण रखें कि ऐसी साधनाओं का दुष्प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए अन्यथा साधक की साधना क्षीण होने लगती है। मंत्र का प्रयोग सदैव समाज कल्याण के लिए करना चाहिए, न कि समाज-विरोधी गतिविधियों के लिए ।

सर्वप्रथम भगवती बगलामुखी की मंत्र दीक्षा ग्रहण करें उसके पश्चात गुरू आज्ञानुसार साधना करें

विनियोगादि करने के उपरान्त भगवती बगलामुखी का ध्यान करें, यथा–

गौरी पीताम्बरधरा पीतस्रगनुलेपना।
रत्नसिंहासनगता रत्नालंकार–भूषिता।।
त्रिनेत्रा चन्द्रशकलविराजित ललाटिका ।
सौन्दर्यसारविजित जगल्लावण्य पुंजिका।।
चतुर्भुजांकुशवरे दक्षिणे बिभ्रति करे ।
तथैव धारयन्ती च वामे दीपाभये करे।।

मंत्रः– ओम् नमो भगवत्यै पीताम्बरायै ह्रीं ह्रीं सुमुखि बगले विश्वमेतं वशं कुरू कुरू स्वाहा ।

Mantra : Om Namo Bhagwatye Pitambaraaye Hreem Hreem Sumukhi Bagle Vishvematam Vasham Kuru Kuru Swaha

सामान्यतः एक लाख की संख्या में जप करने से यह मंत्र सिद्ध हो जाता है, लेकिन यदि प्रयोग सफल न हो तो पुनः एक लाख की संख्या में जप करना चाहिए ।

.......................................................

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

हमारे शास्त्रों में करोड़ो मंत्र हैं लेकिन हर मंत्र आपके लिए सही नही है। शिष्य के लिए कौन सा मंत्र सही है इसका निर्णय केवल गुरू ही कर सकता है। इसलिए आप केवल अपने आप को योग्य गुरू को समर्पित कर दीजिए, इसके बाद गुरू स्वयं आपको सही राह दिखायेगा।

---


यदि आपको हमारे द्वारा लिखे गये लेख पंसद है तो कृपया हमें अपनी ईमेल आईडी अवश्य भेजें । उसके पश्चात हमारे द्वारा लिखे सभी लेख हम आपको सीधे आपकी ईमेल पर ही भेज देंगें। हमारा ईमेल है -
sumitgirdharwal@yahoo.com

People, who are unable to read the Hindi or Sanskrit & want to read our articles, please send your request for the English translation with the article name & its link to sumitgirdharwal@yahoo.com. Based on the number of request for the particular article we will try to translate it into English as soon as possible.


Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

# Our Books


1. **Mahavidya Shri Baglamukhi Sadhna Aur Siddhi**




2. **Mantra Sadhana**




3. **Shodashi Mahavidya** (Tripursundari Sadhana)




Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## 4. Shri Baglamukhi Sadhana Rahasya

श्री बगलामुखी साधना रहस्य का प्रकाशन जल्द ही किया जा रहा है। यह पुस्तक लगभग ७०० पृष्ठ की है जिसमें मां पीताम्बरा की साधना की पूर्ण विधि दी गयी है। इस पुस्तक को प्राप्त करने के लिए Rs 680/= नीचे लिखे अकाउण्ट में जमा करायें

**Sumit Girdharwal**
**Axis Bank**
**912020029471298**
**IFSC Code – UTIB0001094**


## Support & Feedback

I am very pleased to say that we are taking a next step ahead in the field of spirituality by digitalizing all the available Sanskrit texts in the world related to secret mantras, tantras and yantras. In the first phase we will digitalize all the content regarding Das Mahavidyas. We will not only make it available for Hindi and Sanskrit readers but also translate it into English so that whole world can get the benefits from our work. We need your support to complete this task

**Requirement -**

1. We need a person who can write articles in Hindi and Sanskrit in software like Adobe Indesign (Font chanakya) or Microsoft Office (Font Kruti Dev 020, Chanakya)
2. We need an English translator who can translate these articles into English
3. Any donation will be appreciated which is highly needed for this project.

# Durga Shabar Mantra



Shri Yogeshwaranand Ji
+919917325788, +919675778193
shaktisadhna@yahoo.com
www.anusthanokarehasya.com
www.baglamukhi.info

## जगदम्बा के दर्शन हेतु चमत्कारी शाबर मंत्र :-

वैदिक धर्म के सभी लोग नवरात्रि में भगवती जगदम्बा की उपासना करते हैं। सामान्यतः सभी लोग जगदम्बा के दर्शनों को लालायित भी रहते हैं , इसी लिए इस श्रंखला में यह मंत्र लिख रहा हूॅं। आप सभी से अनुरोध है कि इस मंत्र का जप नवरात्री में अवश्यक करें। यदि आपको आध्यात्मिक स्तर अच्छा है तो निश्चित रूप से आप भगवती जगदम्बा का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं।


किसी भी नवरात्री में प्रतिपदा से नवमी तिथी तक शुद्ध घी का अखण्ड दीपक प्रज्जवलित रखते हुए अगरबत्ती अथवा शुद्ध धूप जलाकर प्रातः और सायं काल में इस मंत्र का चालीस-चालीस की संख्या में जप करें। यह स्मरणीय है कि संख्या कम अथवा अधिक न हो। यदि जगदम्बा रानी की कृपा हुई तो दर्शन अवश्यक होगें ।

यहां यह स्मरण रखें कि इस मंत्र में जो शब्द जैसे लिखा है, उसे उसी प्रकार पढ़ना है, उसमें कोई संशोधन अथवा परिवर्तन नहीं करना है।

## मंत्र

डण्ड भुज-डण्ड, प्रचण्ड नो खण्ड। प्रगट देवि! तुहि झुण्डन के झुण्ड। खगर दिखा खप्पर लियां, खड़ी कालका। तागड़दे मस्तंग, तिलक मागरदे् मस्तंग। चोला जरी का, फागड़ दीफू, गले फुल माल, जय जय जयन्त। जय आदि शक्ति। जय कालका खपर-धनी। जय मचकुट छन्दनी देव। जय-जय महिरा, जय मरदिनी। जय-जय चुण्ड-मुण्ड भण्डासुर-खण्डनी, जय रक्त बीज बिडाल-बिहण्डनी। जय निशुम्भ को दलनी, जय शिव राजेश्वरी। अमृत-यज्ञ धागी-धृट, दृवड़ दृवड़नी। बड़ रवि डर-डरनी ओम् ओम् ओम् ।।।

**Dand bhuj-dand, prachand no khand. Pragat devi ! tuhi jhundan ke jhund. Khagar dikhaa khappar liyan, khadi kaalakaa. Taagad de mastang, tilak maagar de mastang . Cholaa jari kaa phagad deefu, gale ful maal, jai jai jayant. jai aadi shakti. Jai kaalaka khapar-dhani. Jai machkut chhandani dev. Jai jai mahiraa, jai mardini. jai jai choon moond bhandaasur-khandani, jai rakt beej bidaal-bihandini. jai nishumbh ko dalani, jai shiv raajeshwari. Amrit-yagya dhaagi-dhrat, dravad dravadani. Bad ravi dar-darani Om Om Om.**





Shri Yogeshwaranand Ji
+919917325788, +919410030994
shaktisadhna@yahoo.com
www.anusthanokarehasya.com
www.baglamukhi.info



**My dear readers! Very soon I am going to start a free of Cost E-mail based monthly magazine related to tantras, mantras and yantras including practical uses for human welfare.It will be delivered to you in pdf format to your email id which you can read on any device and you can also take its print. I request you to appreciate me, so that I can change my dreams into reality regarding the service of humanity through blessings of our saints and through the grace of Ma Pitambara. Please make registered to yourself and your friends. For registration email me at shaktisadhna@yahoo.com. Thanks**

**For Purchasing all the books written By Shri Yogeshwaranand Ji Please Contact 9540674788**


1. Mahavidya Shri Baglamukhi Sadhana Aur Siddhi



**2.** Mantra Sadhana




**3. Sri Vidya** Shodashi Mahavidya **(Tripura Sundari Sadhana Shri Yantra Puja)**



# Pushp Kinnari Sadhana

## पुष्प किन्नरी साधना

**Sumit Girdharwal Ji**
**9540674788, 9410030994**
**sumitgirdharwal@yahoo.com**
**www.baglamukhi.info**
**www.yogeshwaranand.org**



प्रत्येक व्यक्ति की आकांक्षा होती है कि उसका व्यक्तित्व आकर्षण से भरा हुआ हो; प्रत्येक व्यक्ति उसकी ओर मुड़-मुड़ कर देखे, प्रत्येक व्यक्ति उसकी ओर चुम्बक के समान खिंचा चला आए। वह चाहता है कि उसका प्रभाव ऐसा हो, जो प्रत्येक व्यक्ति को

अपने आकर्षण के बंधन में बांध ले और कोई उससे मुक्त न हो सके।

यदि किसी भी व्यक्ति में ऐसा आकर्षण हो तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि वह किसी भी क्षेत्र में असफल हो जाए। ऐसे व्यक्ति को हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। ऐसे व्यक्तित्व वाला व्यक्ति जो भी करेगा लोग उसका अनुसरण करेंगें, उसकी प्रत्येक बात पर एक विशेष ध्यान देंगें, उसकी प्रत्येक बात मानने को उत्सुक रहेंगे। ऐसा ही आकर्षण प्रदान करने वाली साधना का उल्लेख मैं यंहा कर रहा हूॅ, जिसका नाम है..........पुष्प किन्नरी साधना ।

इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड मे अनगिनत प्रकार का जीवन एवं अनेक प्रकार की योनियां विद्यमान है। यद्यपि विज्ञान की दृष्टि में मात्र उन्हीं योनियों पर विश्वास करता है जो पंच तत्वों से निर्मित है अथवा सम्पूर्ण रूप से पदार्थ के रूप में उपलब्ध हैं, परन्तु यह भी एक प्रमाणित तथ्य है कि इस ब्रह्माण्ड में इतर योनियां भी हैं भले ही हम उन पर विश्वास करें या ना करें । लेकिन यह सत्य है कि हम इस सत्य से कदापि भाग नहीं सकते।

इन इतर योनियों में यक्षिणी, यक्ष, अप्सराएं, गन्धर्व, किन्नर एवं किन्नरी आदि योनियां भी होती हैं और वे क्षण प्रतिक्षण ऐसे किसी व्यक्ति की प्रतिक्षा करती रहती है, जो साधना के माध्यम से उनका आवाहन करे और उनके सम्पर्क में निरन्तर बना रहे। यंहा

यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि इन योनियों में कुछ अच्छे गुणों से युक्त होती हैं और कुछ बुरे गुणों से युक्त होती हैं।

यक्ष एवं यक्षिणी व्यक्ति को घर-गृहस्थी का सुख प्रदान करने के साथ-साथ प्रचुर धन-दौलत, समस्त प्रकार की सम्पत्ति देने में भी सक्षम हैं। अप्सराएं भी बहुत ही भव्य, दिव्य और सुन्दर होती हैं जिनकी साधना मां, मित्र, बहन आदि के रूप में की जाती है, जो अपने साधक को उसकी धारणा के अनुसार फल प्रदान करती हैं। ये भी साधक को प्रचुर मात्रा में धन-सम्पति, ऐश्वर्य एवं अपूर्व सौन्दर्य प्रदान करने में पूर्णतः सक्षम होती है। यदि इन्हें प्रेयसी के रूप में साधक प्राप्त करना चाहता है तो ये उसे शारीरिक सुख भी प्रदान करती हैं, परन्तु साधक को इस स्वरूप में उनकी साधना कदापि नहीं करनी चाहिए।

इन्हीं इतर योनियों में विद्याधर नामक योनि भी है, जो अपने अपूर्व पांडित्य एवं विद्वता में अद्वितीय मानी जाती है। जो भी साधक इनकी साधना सफलता पूर्वक सम्पन्न करता है, उन्हें ये इतर योनियां पांडित्य एंव अतुलनीय विद्वता प्रदान करती हैं। इसी प्रकार अन्य प्रकार की अनेकों योनियां हैं , जिनके सम्बन्ध में यंहा उल्लेख करना शायद अनुपयुक्त ही होगा, क्योंकि यह एक वृहद विषय है।

ऐसी ही इतर योनियों में एक योनि किन्नर के नाम से जानी जाती है जिनकी कन्याएं एंव महिलाएं किन्नरी कही जाती हैं। इस

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

योनि के सम्बन्ध में प्रसिद्व है कि ये कला एंव नृत्य आदि के द्वारा देवताओं का भरपूर मनोरंजन करती हैं। किन्नरों और किन्नरियों को भी विभिन्न सिद्धियां प्राप्त होती हैं जिनके माध्यम से वे अपने साधक की अनेकों कामनाओं की पूर्ति सरलता से कर सकती हैं। यह प्रजाति ऐसी है जिसकी साधना सम्पन्न करने पर साधक को जीवन पर्यन्त अपूर्व बल, आरोग्य, पौरूष की प्राप्ति होती है, उसके शरीर में एक भव्य तेज आने लगता है, सौन्दर्य स्वयं उसे देखकर झेंपने लगता है। साधक के समस्त रोग-ताप दूर भागने लगते हैं। उसका सौन्दर्य दिन-प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त होता है।

इस साधना की सबसे विशिष्ट बात यह है कि यह अतिशीघ्र फलदायी , सिद्धि प्रदान करने वाली एवं सरल हैं इसे सम्पन्न करने वाला साधक अथवा साधिका जीवन पर्यन्त जो भी चाहते हैं किन्नरी उन्हें वह सब कुछ प्रदान करती है और उनकी आज्ञा का पालन करती है। उन्हें पूर्णतः सहयोग प्रदान करती हैं। यह साधकों के जीवन में धन प्राप्ति के नये-नये श्रोत बनाती है, जिससे साधको अक्षत धन की प्राप्ति होती है, वे जीवन पर्यन्त सम्पूर्ण ऐश्वर्य भोगते हैं। शारीरिक सुख, अन्न, वस्त्र, मानसिक सन्तुष्टि, स्वर्ण एवं स्थायी सम्पत्ति इन किन्नरियों द्वारा अपने साधको को प्रदान की जाती है। इनकी विशिष्टता एक और है, और वह है अपने साधकों को इनके द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करना।

यह समय-समय पर अपने साधकों को एक उत्तम सलाहकार के रूप में सलाह प्रदान करती रहती हैं और कब उसे क्या करना

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

है, यह सब उन्हें समय-समय पर स्पष्ट करती रहती है, जिससे साधक का जीवन अत्यधिक सरल हो जाता है, और वह समस्त कार्य उनकी सलाह के अनुसार करने लगता है और उत्तम फल की प्राप्ति करता है। लेकिन यदि किसी प्रकार की विपत्ति साधक पर आने लगती है तो ये किन्नरियां तन-मन-धन से साधक की सहायता करती है।

कहने का तात्पर्य यह है कि ये किन्नरियां बहुत ही सौम्य और साधक की आज्ञा का पालन करने वाली होती हैं। ये विभिन्न कलाओं में पारंगत होती हैं। नृत्य में ये श्रेष्ठ मानी जाती हैं और अपने साधक को अपनी नृत्य कला के माध्यम से अत्यन्त ही आनन्द प्रदान करती हैं यदि साधक किसी भी प्रकार की कला के क्षेत्र में होता है तो ये उसे उसकी कला के क्षेत्र में श्रेष्ठतम, लोकप्रिय और अद्वितीय बना देती हैं जिससे साधक अपार यश एवं कीर्ति प्राप्त करता है। उसे बोलने की वह स्थिति प्राप्त हो जाती है, जिसके द्वारा वह किसी को भी सरलता से प्रभावित कर सकता है, अर्थात उसमें अचम्भित करने वाला वाक् चातुर्य आ जाता है।

वास्तविकता यह है कि इस साधना के सम्बन्ध में जितना भी कहा जाए वह कम है। किन्नरी चिरयौवनमयी होती हैं। अतः इनकी साधना समपन्न करने वाले साधक भी जीवन भर यौवन से परिपूर्ण बना रहता है। चूंकि ये किन्नरियां अत्यन्त ही सुंदर, सरल एवं सौम्यता से पूर्ण होती हैं अतः अपने साधक के साथ ये कभी

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

विश्वासघात नहीं करती हैं और इस प्रकार साधक को एक ऐसे मित्र की प्राप्ति हो जाती है, जिस पर आंखे बन्द करके विश्वास कर सकता है। यदि किसी समय साधक स्वयं को तन्हा महसूस करता है या उदास होता है तो किन्नरी हर प्रकार से उसे खुश करने का प्रयास करती है और विभिन्न प्रकार से उसका मनोरंजन करती हैं।

इस प्रकार की साधनाओं के विषय में कहा जाता है कि ये साधनाएं तुच्छ श्रेणी की होती हैं और साधक को विभिन्न प्रकार की हानि पंहुचाती हैं, यह कथन सत्य नहीं है। वास्तविकता यह है कि किन्नरियों के द्वारा अपने साधक को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पंहुचायी जाती बल्कि उन्हें सुख और लाभ प्रदान करती हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि यह साधना साधक का अधिक समय नहीं लेती और शीघ्र ही सिद्ध हो जाती है। साथ ही यह अत्यधिक जटिल भी नहीं होती और इसके विधान भी अत्यन्त ही सरल हैं। किन्नरियां अपने साधक के प्रति पूर्णतः समर्पित होती हैं और साधक के जीवन में प्रेमिका बनी रहती हैं और साधक को जीवन भर सम्पूर्ण ऐश्वर्यों का भोग कराती हैं। सभी प्रकार के सुख, कीर्ति, ऐश्वर्य साधक के जीवन का एक अनंग अंग बन जाते हैं और उसे जीवन पर्यन्त अनन्त आनन्द की चरम सीमा को प्राप्त करता है।

## साधना-सामग्री :

- गुलाबी रंग के पहनने के वस्त्र
- गुलाबी रंग का आसन
- आम की लकडी की चौकी/बाजोट
- चौकी के लिए गुलाबी वस्त्र
- पीले रंग अथवा पिसी हल्दी से रंगे अक्षत
- पुष्प किन्नरी यन्त्र
- केसर, अष्टगंध, अक्षत अथवा पुष्प
- सुगन्धित अगरबत्ती
- शुद्व घी का दीपक
- पुष्प किन्नरी माला
- सुगन्धित पान

## साधना-विधान :

दिन : शुक्रवार

समय : रात्रि काल में दस बजे से आरम्भ

किसी भी शुक्ल पक्ष के किसी भी शुक्रवार में इस साधना को सम्पन्न करना चाहिए। अपने पूजन स्थान को साफ करके आम की लकडी की चौकी बिछाकर उसके ऊपर गुलाबी रंग का नया वस्त्र बिछा दें। उस वस्त्र पर हल्दी से रंगे अक्षतों से अष्टदल कमल का निर्माण करें और उसके मध्य में पुष्पकिन्नरी यंत्र की स्थापना करें। तदोपरान्त अष्टगंध, अक्षत, पुष्पों आदि से यन्त्र का पूजन करें। घी के दीपक की स्थापना करें और दीपक से प्रार्थना करें कि ...............

'हे दीप! आप देवी का रूप हैं, आप मेरी इस पूजा कर्म के साक्षी हैं और विघ्नों का नाश करने वाले हैं । अतः जब तक मैं साधना में रत रहूं, तब तक आप स्थिर रहने की कृपा करें ।'

तद्ोपरान्त देवी किन्नरी का ध्यान करें

मन्त्रः ।। ओम् पुष्प किन्नरी वशमानय श्रौं ओम् ।।

ध्यान करने के उपरान्त साधक को पुष्प किन्नरी माला से इक्कीस अथवा इकत्तीस माला उक्त मन्त्र की करनी चाहिए। जप के अन्त में किन्नरी के उपस्थित होने पर पहले से ही रखे सुगन्धित पान में से आधा उसे खिलाएं और आधा स्वयं ग्रहण करें। इसके साथ ही किन्नरी को सात बार वचनबद्व कर लें कि जीवन भर वह आपके आदेश का पालन करेगी और जब भी आप उसे बुलायेगें वह आयेगी और आपका कार्य करेगी तथा जीवन भर वह आपका सहयोग करेगी। इसके उपरान्त जब भी

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

उपरोक्त मन्त्र का जप करके किन्नरी को याद करेंगे तो वह तुरन्त उपस्थित होगी।

साधना के बाद अगले दिन साधना में प्रयोग किये गये यन्त्र और माला को चलते जल में प्रवाहित कर दें।

.......................................................

हमारे शास्त्रों में करोड़ो मंत्र हैं लेकिन हर मंत्र आपके लिए सही नही है। शिष्य के लिए कौन सा मंत्र सही है इसका निर्णय केवल गुरू ही कर सकता है। इसलिए आप केवल अपने आप को योग्य गुरू को समर्पित कर दीजिए, इसके बाद गुरू स्वयं आपको सही राह दिखायेगा।


---

यदि आपको हमारे द्वारा लिखे गये लेख पंसद है तो कृपया हमें अपनी ईमेल आईडी अवश्य भेजें । उसके पश्चात हमारे द्वारा लिखे सभी लेख हम आपको सीधे आपकी ईमेल पर ही भेज देंगें। हमारा ईमेल है -
sumitgirdharwal@yahoo.com


People, who are unable to read the Hindi or Sanskrit & want to read our articles, please send your request for the English translation with the article name & its link to sumitgirdharwal@yahoo.com. Based on the number of request for the particular article we will try to translate it into English as soon as possible.

# Our Books


1. **Mahavidya Shri Baglamukhi Sadhna Aur Siddhi**




2. **Mantra Sadhana**




3. **Shodashi Mahavidya** (Tripursundari Sadhana)




Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## 4. Shri Baglamukhi Sadhana Rahasya

श्री बगलामुखी साधना रहस्य का प्रकाशन जल्द ही किया जा रहा है। यह पुस्तक लगभग ७०० पृष्ठ की है जिसमें मां पीताम्बरा की साधना की पूर्ण विधि दी गयी है। इस पुस्तक को प्राप्त करने के लिए Rs 680/= नीचे लिखे अकाउण्ट में जमा करायें

**Sumit Girdharwal**
**Axis Bank**
**912020029471298**
**IFSC Code – UTIB0001094**

## Support & Feedback

I am very pleased to say that we are taking a next step ahead in the field of spirituality by digitalizing all the available Sanskrit texts in the world related to secret mantras, tantras and yantras. In the first phase we will digitalize all the content regarding Das Mahavidyas. We will not only make it available for Hindi and Sanskrit readers but also translate it into English so that whole world can get the benefits from our work. We need your support to complete this task

**Requirement -**


1. We need a person who can write articles in Hindi and Sanskrit in software like Adobe Indesign (Font chanakya) or Microsoft Office (Font Kruti Dev 020, Chanakya)
2. We need a graphic designer who can create good pictures to summarize the content.
3. We need an English translator who can translate these articles into English
4. Any donation will be appreciated which is highly needed for this project.

# Ma Baglamukhi Bhakt Mandaar Mantra Evam Puja Vidhi

# माँ बगलामुखी भक्त मंदार मंत्र एवं पूजा विधि

## (उन्नीसाक्षरी मंत्र - धन-समृद्धि प्रदायक विशेष प्रयोग )

**Sumit Girdharwal Ji**
**9540674788, 9410030994**
**sumitgirdharwal@yahoo.com**
**www.baglamukhi.info**
**www.yogeshwaranand.org**



भगवती बगलामुखी की उपासना कलियुग में सभी कष्टों एवं दुखों से मुक्ति प्रदान करने वाली है। संसार में कोई कष्ट अथवा दुख ऐसा नही है जो भगवती पीताम्बरा की सेवा एवं उपासना से दूर ना हो सकता

हो, बस साधकों को चाहिए कि धैर्य पूर्वक प्रतिक्षण भगवती की सेवा करते रहें।

भगवती बगलामुखी का यह भक्त मंदार मंत्र साधकों की हर मनोकामनां पूर्णं करने वाला है। इस मंत्र का विशेष प्रभाव यह है कि इसे करने वाले साधक को कभी भी धन का अभाव नही होता। भगवती की कृपा से वह सभी प्रकार की धन सम्पत्ति का स्वामी बन जाता है। आज के युग में धन के अभाव में व्यक्ति का कोई भी कार्य पूर्ण नही होता। धन का अभाव होने पर ना ही उसका कोई मित्र होता है और ना ही समाज में उसे सम्मान प्राप्त होता है। इस मंत्र के प्रभाव से धीरे-धीरे साधक को अपने सभी कार्यों में सफलता मिलनी प्रारम्भ हो जाती है एवं धन का आगमन होना प्रारम्भ हो जाता है।

ऐसा भी देखने में आता है कि कुछ लोग धन तो बहुत अधिक कमातें हैं लेकिन उनके पास बचता कुछ भी नही है, बिना वजह उनके धन का नाश होता है। ऐसे लोगो की जब हम कुण्डली देखते हैं तो षष्ठ(कर्ज) एवं द्वादश(व्यय) भाव शुभ ग्रहों द्वारा प्रभावित होते हैं अथवा एकादश (लाभ) भाव का स्वामी द्वादश (व्यय) भाव में अथवा द्वादश भाव के स्वामी के प्रभाव में होता है, जिस कारण वो जितना भी धन कमाते हैं उतना ही किसी ना किसी रूप में व्यय हो जाता है।

भगवती पीताम्बरा इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को चलाने वाली शक्ति हैं। नवग्रहों को भगवती के द्वारा ही विभिन्न कार्य सौपे गये हैं जिनका वो

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

पालन करते हैं। नवग्रह स्वयं भगवती की सेवा में सदैव उपस्थित रहते हैं। जब साधक भगवती की उपसना करता है तो उसे नवग्रहों की विशेष कृपा प्राप्त होती है। यदि साधक को उसके कर्मानुसार कहीं पर दण्ड भी मिलना होता है तो वह दण्ड भी भगवती की कृपा से न्यून हो जाता है एवं जगदम्बा अपने प्रिय भक्त को इतना साहस प्रदान करती हैं कि वह दण्ड साधक को प्रभवित नही कर पाता। इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में कोई भी इतना शक्तिवान नही है जो जगदम्बा कें भक्तो का एक बाल भी बांका कर सके। कहने का तात्पर्य यह है कि कारण चाहें कुछ भी हो भगवती बगलामुखी की उपासना आपको किसी भी प्रकार की समस्या से मुक्त करा सकती है।

मां की कृपा को वही जान पाया है जो उनकी शरण में गया है, इसीलिए अपने शब्दों को यही पर विराम देते हुए मां भगवती से प्रार्थना करता हूं कि आप सभी को भगवती अपनी शरण प्रदान करें एवं आपका कल्याण करे।

## बगलामुखी साधना का परिचय

भगवती की साधना में आगे बढ़ते हुए जब साधक अष्टाक्षरी मंत्र का अनुष्ठान पूर्ण कर लेता है उसके पश्चात उन्नीसाक्षरी मंत्र (भक्त मंदार मंत्र) की दीक्षा साधक को दी जाती है। जो लोग पहली बार

भगवती पीताम्बरा की साधना के बारे में पढ़ रहे हैं उन्हें थोड़ा परिचय दे देता हूं -

भगवती पीताम्बरा की उपासना में क्रम दीक्षा होती है। क्रम दीक्षा का अर्थ है क्रम से भगवती के विभिन्न मंत्रो को गुरूमुख से प्राप्त करना। यह क्रम इस प्रकार है -

एकाक्षरी मंत्र (बीज मंत्र), चतुर्क्षरी मंत्र, अष्ठाक्षरी मंत्र, उन्नीसाक्षरी मंत्र (भक्त मंदार मंत्र), छत्तीसाक्षरी मंत्र(मूल मंत्र) ।

सर्वप्रथम गुरूदेव द्वारा एकाक्षरी मंत्र (बीज मंत्र) साधक को दिया जाता है जिसका सवा लक्ष (1,25,000) जप साधक द्वारा किया जाता है। इसके पश्चात क्रम से चतुर्क्षरी, अष्ठाक्षरी, उन्नीसाक्षरी, छत्तीसाक्षरी मंत्र साधको को दिया जाता है एवं प्रत्येक मंत्र का सवा लक्ष (1,25,000) जप साधक को करना होता है। इस प्रकार सभी मंत्रों का जप हो जाने पर साधक गुरूदेव से पूर्णाभिषेक दीक्षा प्राप्त करता है।

यहां पर मैं भगवती पीताम्बरा के उन्नीसाक्षरी मंत्र का वर्णन कर रहा हूं जिसे भक्त मंदार मंत्र भी कहा जाता है।

## भक्त मंदार मंत्र

मंत्र - श्रीं ह्रीं ऐं भगवती बगले मे श्रियम् देहि-देहि स्वाहा ।

Shreem Hreem Aym(Aim) Bhagwati Bagle May Shriyam Dehi Dehi Swaha

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

(कृपया दीक्षित साधक ही इसका जप करें। जिनकी दीक्षा नही हुई है वो सबसे पहले दीक्षा ग्रहण करें )

इस मंत्र का जप स्फटिक अथवा कमलगट्टे की माला पर किया जाता है।

## भक्त मंदार मंत्र का अनुष्ठान

जब साधक का एकाक्षरी, चतुराक्षरी एवं अष्टाक्षरी मंत्र का अनुष्ठान पूर्ण जो जाये तो उसके बाद गुरूदेव से उन्नीसाक्षरी मंत्र (भक्त मंदार मंत्र) की दीक्षा लेनी चाहिए। अनुष्ठान करने की विधि नीचे दे रहा हूं -

## मंत्र दीक्षा एवं गुरू आज्ञा

अनुष्ठान करने से पूर्व अपने गुरू से **मंत्र दीक्षा** एवं **आज्ञा** अवश्य लेनी चाहिए एवं अनुष्ठान पूर्ण हाने के पश्चात उन्हे सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा अवश्य देनी चाहिए। अपने माता पिता से भी आशीर्वाद अवश्य लें चूंकि उन्ही के कारण आप इस संसार में आयें हैं । जिन लोगो के ऊपर माता-पिता एवं गुरू की कृपा है उनके ऊपर माँ की कृपा स्वयं ही हो जाती है अपने माता-पिता एवं गुरू को रूष्ट कर आप माँ की

कृपा कभी भी प्राप्त नही कर सकते।

## मंत्र जप

संकल्प लेकर भक्त मंदार मंत्र का एक लाख पच्चीस हजार (1,25,000 मंत्रो अथवा 1250 माला ) की संख्या में स्फटिक अथवा कमलगट्टे की

माला पर जप करना चाहिए। यह जप आप 9,11,14,18,21,27,31,36,41 दिन में कर सकते हैं।

## हवन

मंत्र जप के पश्चात (12,500 मंत्रो अथवा 125 माला ) से हवन अवश्य करना चाहिए, जो लोग हवन करने में समर्थ नही हैं उन्हे अपने गुरूदेव से अनुष्ठान के पश्चात हवन करने का आग्रह करना चाहिए । यदि 125 माला से हवन करने का सामर्थ्य ना हो ( धन का अभाव हो ) तो हवन के नाम की 125 माला का मंत्र जप कर लेना चाहिए एवं कुछ माला का हवन करवा लेना चाहिए ।

## तर्पण

मंत्र जप करने के पश्चात 1250 मंत्रो अथवा 13 माला से तर्पण करना चाहिए । तर्पण करने का मंत्र है "श्रीं ह्रीं ऐं भगवती बगले मे श्रियम् देहि-देहि स्वाहा तर्पयामि" । इसके लिए एक बड़ा पात्र (बर्तन) ले, जिसमें १ से २ लीटर पानी आ जाये। उसके पश्चात उसमें थोड़ा गंगा जल लें । उसके बाद उसमें ऊपर तक पानी भर लें एवं थोड़ी हल्दी, शहद, शक्कर, केसर, दुध मिला लेना चहिए । उसके पश्चात जिस प्रकार सुर्य को हाथों से अंजली में जल भरकर अर्घ्य दिया जाता है उसी प्रकार सीधे हाथ से अंजली बनाकर " श्रीं ह्रीं ऐं भगवती बगले मे श्रियम् देहि-देहि स्वाहा तर्पयामि " बोलते हुए उसी पात्र में जल को छोड़ देना चाहिए । तर्पण करते हुए मंत्र जप उल्टे हाथ से करना चाहिए एवं सीधे

हाथ से तर्पण करना चाहिए । तर्पण के पश्चात इस जल को पौधों में डाल देना चाहिए ।

## मार्जन

तर्पण के पश्चात 125 मंत्रो अथवा 2 माला से मार्जन करना चाहिए। मार्जन करने का मंत्र है "श्रीं ह्रीं ऐं भगवती बगले मे श्रियम् देहि-देहि स्वाहा मार्जयामि" । इसके लिए थोड़ी सी कुशा लें। एक पात्र में गंगा जल लेकर उस कुशा से भगवती के यंत्र पर "श्रीं ह्रीं ऐं भगवती बगले मे श्रियम् देहि-देहि स्वाहा मार्जयामि" बोलते हुए गंगा जल की छींटे दे। मार्जन भी सीधे हाथ से करना चाहिए एव उल्टे हाथ से जप करना चाहिए। यदि कुशा उपलब्ध ना हो तो पीले फूल का भी उपयोग किया जा सकता है।

## कन्या अथवा ब्राहमण भोजन

मार्जन करने के पश्चात ११ कन्याओं को भोजन कराना चाहिए एवं उनकी प्रसन्नता के लिए उन्हें सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा देनी चाहिए ।

## पूजा का क्रम

१. आसन पूजा, आचमन एवं शुद्धि-करण

२. गुरू पूजन

३. गणेंश पूजन (हरिद्रा गणपति पूजन)

४. भैरव पूजन - शक्ति की उपासना में भैरव पूजन का विशेष महत्व होता है। माँ बगलामुखी के भैरव मृत्युंजय भैरव हैं इसलिए भगवती की उपासना से पहले भैरव जी से आज्ञा अवश्य लेनी चाहिए एवं जप के अन्त में दशांश मृत्युंजय भैरव मंत्र " हौं जूं सः " का जप अवश्य करना चाहिए ।

५. ध्यान : इसके पश्चात भगवती पीताम्बरा का ध्यान करें कि माँ आपके हृदय में सहस्रदल कमल के फूल पर विराजित हैं। माँ के चरणों का ध्यान करते हुए मन ही मन उनके चरणों में पीले पुष्प अर्पित करें एवं उनसे सदैव अपने हृदय में निवास करने की प्रार्थना करें ।

६. माँ का पूजनः ध्यान करने के पश्चात सामर्थ्यानुसार गंध (इत्र), धूप, दीप, पुष्प, ताम्बूल (पान) चन्दन आदि माँ को समर्पित करें ।

७. कवचः इसके पश्चात माँ के कवच का पाठ करें। कवच का पाठ आपको साधना में आने वाली सभी विपत्तियों से दूर रखता है। कवच के पाठ से माँ का सान्निध्य प्राप्त होता है।

८. मंत्र जप - कवच के पाठ के बाद विनियोग, न्यासादि करें एवं उसके पश्चात अपने मंत्र का जप सुनिश्चित संख्या में करें ।

९. अन्य स्तोत्र एवं पाठ - मंत्र जप के पश्चात यदि समय हो तो भगवती के हृदय स्तोत्र, अष्टोत्तरशतनाम, सहस्रनाम आदि का पाठ करना चाहिए ।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

१०. मृत्युंजय भैरव मंत्र - अन्त में दशांश मृत्युंजय भैरव मंत्र “ हौं जूं सः ” का जप अवश्य करना चाहिए ।

११. क्षमा याचना एवं जप समर्पण - अन्त में माँ से क्षमा याचना करें । अपने सीधे हाथ में थोड़ा जल लेकर अपने द्वारा किये गये सभी मंत्र जप को माँ के बायें हाथ में समर्पित करें एवं जल को माँ के बायें हाथ में अथवा बगलामुखी यंत्र पर चढा दें ।

१२. अन्त में माँ को प्रणाम करते हुए अपने आसन के नीचे जल डालकर अपने माथे से लगायें एवं बायें पैर को पहले पृथ्वी पर रखते हुए बाद में दायें पैर को पृथ्वी पर रखें ।

१३. साधना करने के बाद कम से कम आधा घण्टे तक मौन अवश्य रखना चाहिए । इससे साधक का तप क्षीण नही होता ।

१४. अपने आसन एवं माला को किसी भी व्यक्ति को छूने नही देना चाहिए चूँकि इन दोनो में साधक की आध्यात्मिक उर्जा छुपी होती है ।

१५. एक साधक को कभी भी किसी की निन्दा नही करनी चाहिए और ना ही कभी अंहकार करना चाहिए । ये दोनो साधक को दैवीय कृपा से दूर करते हैं और साधक की सारी उर्जा का नाश कर देतें हैं

१६. साधकों को मेरा एक परामर्श और भी है कि वे जब भी माँ पीताम्बरा अथवा किसी अन्य के मंत्रों का जप करें तो उनके समक्ष अपनी कोई लालसा या इच्छा व्यक्त न करें। वे आद्याशक्ति हैं, सम्पूर्ण सृष्टि की अधिष्ठात्री हैं, उनसे किसी भी साधक के मन की इच्छा छुपी हुई नहीं है। अतः अपनी इच्छा व्यक्त करके स्वयं को हल्का बनाना है। जब साधक अपनी कोई इच्छा लेकर माँ के मंत्रों का जप करता है और संकल्प लेता है कि अपने अमुक कार्य की पूर्णता के लिए मैं अमुक देवी या देवता के इतनी संख्या में जप करूंगा और उसका वह कार्य पूर्ण हो जाता है तो माँ की कृपा भी वंही समाप्त हो जाती है। आपने किसी कार्य की सफलता अथवा किसी भी प्रकार की प्राप्ति के लिए किसी भी देवी अथवा देवता के एक निश्चित संख्या में जप करने का संकल्प लिया और आपका कार्य पूर्ण हो गया तो फिर भगवती या देवता से आपको कोई सम्बन्ध नहीं रह जाता है। क्योंकि यह एक मात्र विनिमय है, आदान-प्रदान है। एक ऐसा विनिमय जो दो व्यक्तियों के मध्य परस्पर होता है। आपने किसी को कुछ दिया उसने बदले में आपका कार्य कर दिया। इसके उपरान्त कोई व्यक्तिगत सम्बन्ध किसी प्रकार का नहीं रह जाता । आपको चाहिए कि आप जिस भी देवी-देवता का मंत्र जप करते हैं तो उसे केवल आप अपने देवता की प्रसन्नता के लिए कीजिए। यदि आपके मंत्र जप से आपका देवी-देवता प्रसन्न हो जाता है तो आपकी समस्त इच्छाएं आपके बिना व्यक्त किये ही पूर्ण हो जायेंगीं और अपने देवी-देवता से आपके सम्बन्ध भी प्रगाढ बने रहेगें। अतः आपको चाहिए

कि उनसे एकत्व करने का प्रयास करें न कि कुछ मांगने का। यदि आप ऐसा करते हैं तो मेरा वचन है कि आपकी प्रत्येक साधना पूर्णता को प्राप्त करेगी।

## दीक्षा प्राप्ति विधान

जो साधक हमसे भगवती बगलामुखी साधना सीखने के इच्छुक हैं एवं दीक्षा प्राप्त करना चाहते हैं वो नीचे लिखी जानकारी हमें ईमेल द्वारा भेजें sumitgirdharwal@yahoo.com / shaktisadhna@yahoo.com -

आपका नाम एवं गोत्र

आपके माता-पिता/ पति का नाम

आपका एक फोटोग्राफ

आपका पता

आपकी जन्म-तिथि, जन्म स्थान एवं समय

## प्रारम्भिक पूजा के मंत्र एवं विधि

भगवती की साधना करने का विशिष्ट समय रात्रिकाल माना गया है इसलिए यदि हो सके तो रात्रि ६ बजे से २ बजे के बीच ही अपनी साधना करनी चाहिए । लेकिन यदि ऐसा सम्भव न हो सके तो अपने

समय की स्थिति के अनुसार समय निर्धारण कर लेना चाहिए, क्योंकि कुछ ना करने से अच्छा कुछ कर लेना है।

यह साधना घर में रहकर ही सम्पन्न की जा सकती है। साधना का स्थान शान्त एवं मनोरम होना चाहिए । साधना में बैठने से पूर्व स्नान कर लें यदि सम्भव ना हो तो हाथ-पैर धो सकते हैं। इस प्रकार बाह्य रूप से अपने आप को पवित्र कर लें। फिर पीले रंग का आसन बिछायें और स्वयं भी पीले वस्त्र धारण करें ।

इसके उपरान्त आसन पर बैठ जायें और मानसिक शुद्धि के लिए निम्नलिखित मन्त्र का उच्चारण करें। अपने शरीर पर थोड़ा सा जल छिड़कें-

ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा ।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ।।

अतिनील घनश्यामं नलिनायतलोचनम् ।

स्मरामि पुण्डरीकाक्षं तेन स्नातो भवाम्यहम् ।।

इसके पश्चात आचमन करें ।

सीधे हाथ में थोड़ा सा जल लें एवं यह मन्त्र पढ़ते हुए पी जायें

ओम् केशवाय नमः ।

पुनः सीधे हाथ में थोड़ा सा जल लें एवं यह मन्त्र पढ़ते हुए पी जायें

ओम् नाराणाय नमः ।

पुनः सीधे हाथ में थोड़ा सा जल लें एवं यह मन्त्र पढ़ते हुए पी जायें

ओम् माधवाय नमः ।

यह मन्त्र पढ़ते हुए हाथ धो लें ।

ओम् हृषीकेशाय नमः ।

इसके पश्चात आसन के नीचे हल्दी से एक त्रिकोण बनायें एवं यह मन्त्र पढ़ते हुए प्रणाम करें-

ओम् कामरूपाय नमः।

इसके पश्चात अपने आसन पर थोड़ा सा जल छिड़कें और निम्नलिखित मन्त्र पढ़ें-

ओम् पृथ्वि ! त्वया धृता लोका देवि ! त्वं विष्णुना धृता ।

त्वं च धारय मां नित्यं ! पवित्रं कुरू चासनम् ।।

यह मन्त्र पढ़ते हुए आसन को प्रणाम करें-

क्लीं आधार शक्त्यै कमलासनाय नमः।

इसके पश्चात थोड़ी पीली सरसो लें एवं निम्नलिखित मंत्र पढते हुए अपने चारो और फेंक दें । यह आपका रक्षा कवच बन जायेगा और कोई भी बाह्य शक्ति आपकी पूजा में विघ्न नही डाल पायेगी ।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि संस्थिताः ।

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञा ।।

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः र्सवतो दिशः ।

सर्वेषामविरोधेन पूजाकर्म समारभे ।।

इसके पश्चात दीपक प्रज्जवलित करें एवं निम्नलिखित मंत्र पढें -

भो दीप देवीरूपस्तवं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत ।

यावत् कर्म समाप्ति स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव ।।

इसके बाद मूल मंत्र से १ः८ः४ के अनुपात से अनुलोम-विलोम प्राणायाम करें। अर्थात् एक मूल मंत्र से पूरक, आठ मंत्रों से कुम्भक तथा चार मंत्रों से रेचक करें। यह क्रिया जितनी अधिक से अधिक की जा सके, उतना ही अच्छा है।

अब अपने गुरू का ध्यान करते हुए उनकी वन्दना करें-

अखण्ड मण्डलाकारं व्यापतं येन चराचरम् ।

तत पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः ।।

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानांजन शलाक्या ।

चक्षुरून्मीलितं येन तस्मै श्री गुरूवे नमः ।।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

देवतायाः दर्शनं च करूणा वरूणालयं ।

सर्व सिद्धि प्रदातारं श्री गुरूं प्रणमाम्यहम् ।।

वराभय कर नित्यं श्वेत पद्म निवासिनं ।

महाभय निहन्तारं गुरू देवं नमाम्यहम् ।।

इसके उपरांत श्रीनाथ, गणपति, भैरव आदि का ध्यान करके उन्हें नमन करें, क्योंकि इनकी कृपा के अभाव में कोई भी साधना पूर्ण नहीं होती है-

श्री नाथादि गुरू त्रयं गणपतिं पीठ त्रयं भैरवं,

सिद्धौघं बटुक त्रयं पदयुगं दूतिक्रमं मण्डलम्।

वीरान्द्वयष्ट चतुष्कषष्टिनवकं वीरावली पंचकम्,

श्रीमन्मालिनि मंत्रराज सहितं वन्दे गुरोर्मण्डलम्।।

वन्दे गुरूपद-द्वन्द्वांग-मन-सगोचरम्,

रक्त शुक्ल-प्रभा-मिश्रं-तर्क्यं त्रैपुरं महः !

गुरूदेव का ध्यान करने के उपरान्त निम्नांकित मंत्रों से देवी-देवताओं को नमस्कार करें-

ओम् श्री गुरूवे नमः ।

ओम् क्षं क्षेत्रपालाय नमः ।

ओम वास्तु पुरूषाय नमः ।

ओम् विघ्न राजाय नमः ।

ओम् दुर्गाय नमः ।

ओम् विघ्न राजाय नमः ।

ओम शम्भु शिवाय नमः ।

ओम् भैरवाय नमः ।

ओम् बटुकायै नमः ।

ओम् ब्रह्मायै नमः ।

ओम् नैर्ऋतियै नमः ।

ओम् चक्रपाणायै नमः ।

ओम् विघ्न नाथायै नमः ।

ओम् ऋष्यै नमः ।

ओम् देवतायै नमः ।

ओम् वेद शास्त्रायै नमः ।

ओम् वेदार्थाय नमः ।

ओम् पुराणायै नमः ।

ओम् ब्राह्मणायै नमः ।

ओम् योगिन्यौ नमः ।

ओम् दिक्पालायै नमः ।

ओम् सिद्धपीठायै नमः ।

ओम् तीर्थायै नमः ।

ओम् मंत्र-तंत्र-यंत्रायै नमः ।

ओम् मातृकायै नमः ।

ओम् पंचभूतायै नमः ।

ओम् महाभूतायै नमः ।

ओम् सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः ।

ओम् सर्वाभ्यो देवीभ्यो नमः ।

ओम् सर्वेभ्यो ऋषिभ्यो नमः ।

इसके पश्चात भैरव जी से भगवती की आराधना करने की अनुमति लें-

तीक्ष्णदन्त महाकाय कल्पान्तदहनोपम ।

भैरवाय नमस्तुभ्यम् अनुज्ञां दातुमर्हसि ।।

अब दस बार मुखशोधन मंत्र ऐं ह्रीं ऐं का जाप करें

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

इसके पश्चात बगलामुखी कुल्लुका ओम् हूं क्ष्रौं (Om Hoom Chraum) का दस बार सिर पर जाप करें ।

उपरोक्त दी गयी पूजा प्रारिम्भक पूजा है। इसके बाद भगवती का ध्यान, विनियोग मंत्र जप आदि करना चाहिए ।

## पीताम्बरा साधना की सरल विधि

जिन साधको को संस्कृत का कम ज्ञान है एवं जिन्हे उपरोक्त दी गयी विधि कठिन प्रतीत होती है वो नीचे दी गयी विधि का प्रयोग करें - आसन पर बैठकर अपने गुरूदेव का ध्यान करें, इसके बाद गणेश जी का ध्यान करे, इसके बाद भैरव जी से भगवती की पूजा की आज्ञा लेकर भगवती का ध्यान करें, फिर मंत्र का विनियोग कर न्यास करें एवं मंत्र जप करें । मंत्र जप के बाद दशांश मृत्युंजय भैरव मंत्र " हौं जूं सः " का जप अवश्य करें । अन्त में अपनी सम्पूर्ण पूजा भगवती को समर्पित कर आसन से उठ जायें ।

# Baglamukhi Ekakshari Beej Mantra Sadhana Vidhi

## ।। भगवती पीताम्बरा के एकाक्षरी बीज मंत्र का महात्म्य ।।



भगवती बगलामुखी (पीताम्बरा) के इस मंत्र को महामंत्र के नाम से जाना जाता है ऐसा कहा जाता है कि भगवती बगलामुखी की उपासना करने वाले साधक के सभी कार्य बिन कहे ही पूर्ण हो जाते हैं और जीवन की हर बाधा को वो हंसते हंसते पार कर जाते हैं मैनें स्वयं अपने जीवन में अनेको चमत्कार देखें हैं, जिनको सुनकर कोई भी यकीन नही करेगा लेकिन भगवती पीताम्बरा अपने भक्तों के उपर ऐसे ही कृपा करती हैं

एकाक्षरी मंत्र माँ पीताम्बरा का बीज मंत्र है। माँ पीताम्बरा की साधना इसी बीज मंत्र से प्रारम्भ होती है, एवं मेरी साधको को परामर्श है कि बीज मंत्र का नियमित रूप से कम से कम २१ माला का जप अवश्य करना चाहिए, क्योंकि बीज में ही मंत्र ही देवता के प्राण होते हैं जिस प्रकार बीज के बिना वृक्ष की कल्पना नही की जा सकती उसी तरह बीज मंत्र के जप के बिना साधना में सफलता के बारे में सोचना भी व्यर्थ है। भगवती की सेवा केवल मंत्र जप से ही नही होती है बल्कि उनके नाम का गुणगान करने से भी होती है । जिस प्रकार नारद ऋषि हर पल भगवान विष्णु का नाम जपते थे, उसी प्रकार सुधी साधको को माँ पीताम्बरा का नाम जप हर पल करना चाहिए एवं अन्य लोगो को भी उनके नाम की महिमा के बारे में बताना चाहिए । मैंने अपने जीवन का केवल एक ही उद्देश्य बनाया है कि माँ पीताम्बरा के नाम को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। आप सब भी यदि माँ की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं तो आज से ही भगवती की उपासना को अपने जीवन में उतार लीजिए एवं माँ के नाम एवं उनकी महिमा का अधिक से अधिक प्रचार करना शुरू कर दीजिए। साधको के हितार्थ भगवती के बीज मंत्र की जानकारी यहां दे रहा हूँ, भगवती पीताम्बरा आप सब पर कृपा करें ।

## ध्यान

वादी मूकति रंकति क्षितिपतिर्वैश्वानरः शीतति।

क्रोधी शान्तति दुर्जनः सुजनति क्षिप्रानुगः खंजति।।

गर्वी खवर्ति सर्व विच्च जडति त्वद्‌यन्त्राणा यंत्रितः।

श्रीनित्ये बगलामुखि! प्रतिदिनं कल्याणि! तुभ्यं नमः।।

बीज मंत्र - ह्लीं (Hlreem)

विनियोगः- सीधे हाथ में जल लेकर केवल एक बार पढें

ओम् अस्य एकाक्षरी बगला मंत्रस्य ब्रह्म ऋषिः, गायत्री छन्दः, बगलामुखी देवताः, लं बीजं, ह्रीं शक्ति, ईं कीलकं, मम सर्वार्थ सिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

**ऋष्यादिन्यासः-**

- ओम् ब्रह्म ऋषये नमः शिरसि।
- गायत्री छंदसे नमः मुखे।
- श्री बगलामुखी देवतायै नमः हृदि।
- लं बीजाय नमः गुह्ये।
- ह्रीं शक्तये नमः पादयोः।
- ईं कीलकाय नमः सर्वांगे।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

- श्री बगलामुखी देवताम्बा प्रीत्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अंजलौ।

**षडंगन्यासः**

- ओम् ह्ल्रां हृदयाय नमः।
- ओम् ह्ल्रीं शिरसे स्वाहा।
- ओम् ह्ल्रूं शिखायै वषट्।
- ओम् ह्ल्रैं कवचाय हूं।
- ओम् ह्ल्रौं नेत्र-त्रयाय वौषट्।
- ओम् ह्ल्रः अस्त्राय फट्।

**करन्यासः**

- ओम ह्ल्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः।
- ओम ह्ल्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
- ओम ह्ल्रूं मध्यमाभ्यां वषट्।
- ओम ह्ल्रैं अनामिकाभ्यां हूं।
- ओम ह्ल्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
- ओम ह्ल्रः करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

## बीज मंत्र का अनुष्ठान

एक लाख पच्चीस हजार (1,25,000 मंत्रो अथवा 1250 माला ) की संख्या में हल्दी की माला पर जप करना चाहिए । उसके पश्चात (12,500 मंत्रो अथवा 125 माला ) से हवन अवश्य करना चाहिए, क्योंकि हवन से देवता को शक्ति मिलती है और मैंने स्वयं इसका अनुभव किया है कि हवन से माँ की कृपा बहुत जल्दी मिलती है। इसलिए हवन से बढकर कुछ नही है। यदि हो सके तो हवन नियमित रूप से करना चाहिए । जो लोग हवन करने में समर्थ नही हैं उन्हे अपने गुरू से अनुष्ठान के पश्चात हवन करने का आग्रह करना चाहिए इसके पश्चात (1250 मंत्रो अथवा 13 माला ) से तर्पण करना चाहिए ।

तर्पण करने का मंत्र है "हल्रीं तर्पयामि" । इसके लिए एक बड़ा पात्र ले, जिसमें १ से २ लीटर पानी आ जाये। उसके पश्चात उसमें थोड़ा गंगा जल लें । उसके बाद उसमें ऊपर तक पानी भर लें एवं थोड़ी हल्दी, शहद, शक्कर, केसर, दुध मिला लेना चहिए । उसके पश्चात जिस प्रकार सुर्य को हाथों से अंजली में जल भरकर अर्घ्य दिया जाता है उसी प्रकार सीधे हाथ से अंजली बनाकर "हल्रीं तर्पयामि" बोलते हुए उसी पात्र में जल को छोड़ देना चाहिए । तर्पण करते हुए मंत्र जाप उल्टे हाथ से हल्दी की माला पर करना चाहिए एवं सीधे हाथ से तर्पण करना चाहिए ।

तर्पण के पश्चात (125 मंत्रो अथवा 2 माला ) से मार्जन करना चाहिए । मार्जन करने का मंत्र है "हल्रीं मार्जयामि" । इसके लिए थोड़ी सी कुशा

लें। एक पात्र में गंगा जल लेकर उस कुशा से भगवती के यंत्र पर "ह्ल्रीं मार्जयामि" बोलते हुए गंगा जल की छींटे दे। मार्जन भी सीधे हाथ से करना चाहिए एव उल्टे हाथ से हल्दी की माला पर जप करना चाहिए। यदि कुशा उपलब्ध ना हो तो पीले फूल का भी उपयोग किया जा सकता है।

मार्जन करने के पश्चात ११ कन्याओं को भोजन कराना चाहिए एवं उनकी प्रसन्नता के लिए उन्हें सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा देनी चाहिए ।

अनुष्ठान करने से पूर्व अपने गुरू से आज्ञा अवश्य लेनी चाहिए एवं अनुष्ठान पूर्ण हाने के पश्चात उन्हे सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा अवश्य देनी चाहिए। अपने माता पिता से आशीर्वाद अवश्य लें चूंकि उन्ही के कारण आप इस संसार में आयें हैं । जिन लोगो के उपर माता-पिता एवं गुरू की कृपा है उनके ऊपर माँ की कृपा स्वयं ही हो जाती है अपने माता-पिता एवं गुरू को रूष्ट कर आप माँ की कृपा कभी भी प्राप्त नही कर सकते।

..................................

**Baglamukhi Chaturakshar Mantra Evam Pooja Vidhi in Hindi**

## माँ बगलामुखी चतुरक्षर मंत्र एवं पूजा विधि



### ।। भगवती पीताम्बरा के चतुरक्षर मंत्र का महात्म्य ।।

भगवती बगलामुखी (पीताम्बरा) के इस मंत्र का अनुष्ठान बीज मंत्र (ह्ल्रीं) के अनुष्ठान के बाद किया जाता है। ऐसा देखा गया है कि बीज मंत्र का अनुष्ठान तो साधक बिना किसी समस्या के कर लेते हैं, लेकिन चतुरक्षर के अनुष्ठान में उन्हें थोड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। समस्या से यहां तात्पर्य भगवती द्वारा ली जाने वाली परीक्षा से है। इस मंत्र में कई बार ऐसी परिस्थिति पैदा हो जाती है कि आपका अनुष्ठान बीच में ही छूट जाये, जैसे कहीं अचानक बाहर जाना पड़ जाये अथवा किसी कार्य में इतनी अधिक व्यस्तता हो जाये कि उस दिन के निर्धारित जप

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

करने का समय ना मिले इत्यादि, लेकिन साधको को किसी भी परिस्थिति में किसी भी दिन जप नही छोड़ना है । यदि किसी कारण वश बाहर जाना भी पड़ भी जाये तो वही पर जाकर अपना जप पूर्ण करें एवं भगवती से क्षमा प्रार्थना करें । यदि आपने यह अनुष्ठान एक बार पूर्ण कर लिया तो भगवती की कृपा को प्राप्त करने से आपको कोई नही रोक सकता । भगवती पर विश्वास रखें एवं नियमित रूप से अपना जप करते रहें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी ।

## मन्त्र

ओम् आं ह्ल्रीं क्रों । (Om Aam Hlreem Krom)

( कृपया दीक्षित साधक ही इसका जप करें। जिनकी दीक्षा नही हुई है वो सबसे पहले दीक्षा ग्रहण करें )

## विनियोग

ओम् अस्य श्री बगला चतुर्क्षरी मन्त्रस्य श्री ब्रह्म ऋषिः, गायत्री छन्दः, श्री बगलामुखी देवता, ह्ल्रीं बीजं, आं शक्तिः, क्रों कीलकं, श्री बगलामुखी देवताम्बा प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

## ध्यान

कुटिलालक संयुक्तां मदाघूर्णित लोचनां,

मदिरामोद वदनां प्रवाल सदृशाधराम्  ।।

सुवर्णकलश प्रख्य कठिन स्तन मण्डलां,

आवर्त्त विलसन्नाभिं सूक्ष्म-मध्यम संयुताम्।।

रम्भोरू पाद-पद्मां तां पीतवस्त्र समावृताम् ।

## ऋष्यादिन्यासः-

- श्री ब्रह्म ऋषये नमः शिरसि।
- गायत्री छंदसे नमः मुखे।
- श्री बगलामुखी देवताय नमः हृदि।
- ह्लीं बीजाय नमः गुह्ये।
- आं शक्तये नमः पादयोः।
- क्रों कीलकाय नमः सर्वांगे।
- श्री बगलामुखी देवताम्बा प्रीत्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अंजलौ।

Sumit Girdharwal Ji  & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## षडंगन्यासः-

- ओम् ह्ल्रां हृदयाय नमः।
- ओम् ह्ल्रीं शिरसे स्वाहा।
- ओम् ह्ल्रूं शिखाय वषट्।
- ओम् ह्ल्रैं कवचाय हूं।
- ओम् ह्ल्रौं नेत्र त्रयाय वौषट्।
- ओम् ह्ल्रः अस्त्राय फट्।

## करन्यासः

- ओम् ह्ल्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः।
- ओम् ह्ल्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
- ओम् ह्ल्रूं मध्यमाभ्यां वषट्।
- ओम् ह्ल्रैं अनामिकाभ्यां हूं।
- ओम् ह्ल्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
- ओम् ह्ल्रः करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

## चतुर्क्षर मंत्र का अनुष्ठान

जब साधक का एकाक्षरी मंत्र (बीज मंत्र - ह्लीं ) का अनुष्ठान पूर्ण जो जाये तो उसके बाद गुरूदेव से चतुरक्षर मंत्र की दीक्षा लेनी चाहिए। चतुरक्षर मंत्र का अनुष्ठान भी एकाक्षर मंत्र के समान होता है। किसी भी अनुष्ठान के ६ अंग होते हैं -

## मंत्र दीक्षा एवं गुरू आज्ञा

अनुष्ठान करने से पूर्व अपने गुरू से मंत्र दीक्षा एवं आज्ञा अवश्य लेनी चाहिए एवं अनुष्ठान पूर्ण हाने के पश्चात उन्हे सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा अवश्य देनी चाहिए। अपने माता पिता से भी आशीर्वाद अवश्य लें चूंकि उन्ही के कारण आप इस संसार में आयें हैं । जिन लोगो के उपर माता-पिता एवं गुरू की कृपा है उनके ऊपर माँ की कृपा स्वयं ही हो जाती है। अपने माता-पिता एवं गुरू को रूष्ट कर आप माँ की कृपा कभी भी प्राप्त नही कर सकते।

## मंत्र जप

संकल्प लेकर चतुरक्षर मंत्र का एक लाख पच्चीस हजार (1,25,000 मंत्रो अथवा 1250 माला ) की संख्या में हल्दी की माला पर जप करना चाहिए । यह जप आप 9,11,14,18,21,27, 31,36,41 दिन में कर सकते हैं।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## हवन

मंत्र जप के पश्चात (12,500 मंत्रो अथवा 125 माला ) से हवन अवश्य करना चाहिए, जो लोग हवन करने में समर्थ नही हैं उन्हे अपने गुरूदेव से अनुष्ठान के पश्चात हवन करने का आग्रह करना चाहिए । यदि 125 माला से हवन करने का सामर्थ्य ना हो ( धन का अभाव हो ) तो हवन के नाम की 125 माला का मंत्र जप कर लेना चाहिए एवं कुछ माला का हवन करवा लेना चाहिए ।

## तर्पण

मंत्र जप करने के पश्चात (1250 मंत्रो अथवा 13 माला ) से तर्पण करना चाहिए । तर्पण करने का मंत्र है "ओम् आं ह्ल्रीं क्रों तर्पयामि" । इसके लिए एक बड़ा पात्र (बर्तन) ले, जिसमें १ से २ लीटर पानी आ जाये। उसके पश्चात उसमें थोड़ा गंगा जल लें । उसके बाद उसमें ऊपर तक पानी भर लें एवं थोड़ी हल्दी, शहद, शक्कर, केसर, दुध मिला लेना चहिए । उसके पश्चात जिस प्रकार सुर्य को हाथों से अंजली में जल भरकर अर्घ्य दिया जाता है उसी प्रकार सीधे हाथ से अंजली बनाकर "ओम् आं ह्ल्रीं क्रों तर्पयामि" बोलते हुए उसी पात्र में जल को छोड़ देना चाहिए । तर्पण करते हुए मंत्र जाप उल्टे हाथ से हल्दी की माला पर करना चाहिए एवं सीधे हाथ से तर्पण करना चाहिए । तर्पण के पश्चात इस जल को पौधों में डाल देना चाहिए ।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## मार्जन

तर्पण के पश्चात (125 मंत्रो अथवा 2 माला ) से मार्जन करना चाहिए । मार्जन करने का मंत्र है "ओम् आं ह्ल्रीं क्रों मार्जयामि" । इसके लिए थोड़ी सी कुशा लें। एक पात्र में गंगा जल लेकर उस कुशा से भगवती के यंत्र पर "ओम् आं ह्ल्रीं क्रों मार्जयामि" बोलते हुए गंगा जल की छींटे दे। मार्जन भी सीधे हाथ से करना चाहिए एव उल्टे हाथ से हल्दी की माला पर जप करना चाहिए। यदि कुशा उपलब्ध ना हो तो पीले फूल का भी उपयोग किया जा सकता है।

## कन्या अथवा ब्राहमण भोजन

मार्जन करने के पश्चात ११ कन्याओं को भोजन कराना चाहिए एवं उनकी प्रसन्नता के लिए उन्हें सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा देनी चाहिए ।

-----------------------------------------

# Baglamukhi Ashtakshar Mantra Evam Pooja Vidhi in Hindi

## माँ बगलामुखी अष्टाक्षर मंत्र एवं पूजा विधि



## ।। भगवती पीताम्बरा के अष्टाक्षर मंत्र का महात्म्य ।।

भगवती बगलामुखी (पीताम्बरा) के इस मंत्र का अनुष्ठान चतुराक्षर मंत्र के अनुष्ठान के बाद किया जाता है भगवती का यह मंत्र बहुत ही प्रभावशाली एवं चमत्कारी है इसकी महिमा को बताने के लिए अपने एक शिष्य के अनुभव को यहां लिख रहा हूं -

मेरे एक शिष्य को बहुत प्रयास करने के बाद भी कहीं कोई नौकरी नही मिल रही थी। बहुत अच्छी डिग्रियां हाने के बाद भी सभी जगह से उसे निराशा ही हाथ लग रही थी। तब मैनें उसे इस मंत्र का एक अनुष्ठान करने को कहा । उसने विधिवत अनुष्ठान शुरू किया और एक सप्ताह

बाद ही उसका बहुत बड़ी कम्पनी में चयन हो गया।

यह तो बस एक छोटा सा अनुभव है। इसके अलावा ऐसे बहुत सारे लोग हैं जिन्हें प्रेत बाधा, शत्रु बाधा, नौकरी, पारिवार में कलह, व्यवसाय में असफलता, विवाह, संतान ना होना, आदि समस्याओं में ऐसे परिणाम मिले हैं कि कोई साधारण मनुष्य तो विश्वास भी नही करेगा।

यहां साधको के हितार्थ भगवती के अष्टाक्षर मंत्र का विधान दे रहा हूं -

(कृपया दीक्षित साधक ही इसका जप करें। जिनकी दीक्षा नही हुई है वो सबसे पहले दीक्षा ग्रहण करें )

## अष्टाक्षर मंत्र

ओम् आं ह्ल्रीं क्रों हुं फट् स्वाहा

om aam hlreem krom hum phat swaha

## ध्यान

युवती च मदोन्मत्तां पीताम्बर-धरां शिवाम्।

पीतभूषण-भूषांगी समापीन-पयोधराम्।।

मदिरामोद-वदनां प्रवाल-सदृशाधराम्।

पानं पात्रं च शुद्धिं च विभ्रतीं बगलां स्मरेत्।।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## विनियोगः-

ओम् अस्य अष्टाक्षरी बगला मंत्रस्य ब्रह्म ऋषिः, गायत्री छन्दः, बगलामुखी देवताः, लं बीजं, ह्रीं शक्ति, ईं कीलकं, मम सर्वार्थ सिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

## ऋष्यादि न्यासः-

- श्री ब्रह्म ऋषये नमः शिरसि।
- गायत्री छंदसे नमः मुखे।
- श्री बगलामुखी देवताय नमः हृदि।
- लं बीजाय नमः गुह्ये।
- ह्रीं शक्तये नमः पादयोः।
- ईं कीलकाय नमः सर्वांगे।
- श्री बगलामुखी देवताम्बा प्रीत्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अंजलौ।

## षडंगन्यासः-

- ओम् ह्लां हृदयाय नमः।
- ओम् ह्लीं शिरसे स्वाहा।
- ओम् ह्लूं शिखायै वषट्।
- ओम् ह्लैं कवचाय हूं।

- ओम् ह्ल्रौं नेत्र त्रयाय वौषट्।
- ओम् ह्ल्रः अस्त्राय फट्।

**करन्यासः-**

- ओम् ह्ल्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः।
- ओम् ह्ल्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
- ओम् ह्ल्रूं मध्यमाभ्यां वषट्।
- ओम् ह्ल्रैं अनामिकाभ्यां हूं।
- ओम् ह्ल्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
- ओम् ह्ल्रः करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

## अष्टाक्षर मंत्र का अनुष्ठान

जब साधक का एकाक्षरी एवं चतुराक्षरी मंत्र का अनुष्ठान पूर्ण जो जाये तो उसके बाद गुरूदेव से अष्टाक्षर मंत्र की दीक्षा लेनी चाहिए। अष्टाक्षर मंत्र का अनुष्ठान भी एकाक्षर एवं चतुरक्षर मंत्र के समान होता है। किसी भी अनुष्ठान के ६ अंग होते हैं -

## मंत्र दीक्षा एवं गुरू आज्ञा

अनुष्ठान करने से पूर्व अपने गुरू से **मंत्र दीक्षा** एवं **आज्ञा** अवश्य लेनी चाहिए एवं अनुष्ठान पूर्ण हाने के पश्चात उन्हे सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा अवश्य देनी चाहिए। अपने माता पिता से भी आशीर्वाद अवश्य लें चूंकि उन्ही के कारण आप इस संसार में आयें हैं । जिन लोगो के उपर माता-पिता एवं गुरू की कृपा है उनके ऊपर माँ की कृपा स्वयं ही हो जाती है। अपने माता-पिता एवं गुरू को रूष्ट कर आप माँ की कृपा कभी भी प्राप्त नही कर सकते।

## मंत्र जप

संकल्प लेकर अष्टाक्षर मंत्र का एक लाख पच्चीस हजार (1,25,000 मंत्रो अथवा 1250 माला ) की संख्या में हल्दी की माला पर जप करना चाहिए । यह जप आप 9,11,14,18,21,31,36,41 दिन में कर सकते हैं।

## हवन

मंत्र जप के पश्चात (12,500 मंत्रो अथवा 125 माला ) से हवन अवश्य करना चाहिए, जो लोग हवन करने में समर्थ नही हैं उन्हे अपने गुरूदेव से अनुष्ठान के पश्चात हवन करने का आग्रह करना चाहिए । यदि 125 माला से हवन करने का सामर्थ्य ना हो ( धन का अभाव हो ) तो हवन के नाम की 125 माला का मंत्र जप कर लेना चाहिए एवं कुछ माला का हवन करवा लेना चाहिए ।

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

## तर्पण

मंत्र जप करने के पश्चात (1250 मंत्रो अथवा 13 माला ) से तर्पण करना चाहिए । तर्पण करने का मंत्र है "ओम् आं ह्ल्रीं क्रों हुं फट् स्वाहा तर्पयामि" । इसके लिए एक बड़ा पात्र (बर्तन) ले, जिसमें १ से २ लीटर पानी आ जाये। उसके पश्चात उसमें थोड़ा गंगा जल लें । उसके बाद उसमें ऊपर तक पानी भर लें एवं थोड़ी हल्दी, शहद, शक्कर, केसर, दुध मिला लेना चहिए । उसके पश्चात जिस प्रकार सुर्य को हाथों से अंजली में जल भरकर अर्घ्य दिया जाता है उसी प्रकार सीधे हाथ से अंजली बनाकर " ओम् आं ह्ल्रीं क्रों हुं फट् स्वाहा तर्पयामि " बोलते हुए उसी पात्र में जल को छोड़ देना चाहिए । तर्पण करते हुए मंत्र जाप उल्टे हाथ से हल्दी की माला पर करना चाहिए एवं सीधे हाथ से तर्पण करना चाहिए । तर्पण के पश्चात इस जल को पौधों में डाल देना चाहिए ।

## मार्जन

तर्पण के पश्चात (125 मंत्रो अथवा 2 माला ) से मार्जन करना चाहिए । मार्जन करने का मंत्र है " ओम् आं ह्ल्रीं क्रों हुं फट् स्वाहा मार्जयामि" । इसके लिए थोड़ी सी कुशा लें। एक पात्र में गंगा जल लेकर उस कुशा से भगवती के यंत्र पर " ओम् आं ह्ल्रीं क्रों हुं फट् स्वाहा मार्जयामि " बोलते हुए गंगा जल की छींटे दे। मार्जन भी सीधे हाथ से करना चाहिए

एव उल्टे हाथ से हल्दी की माला पर जप करना चाहिए। यदि कुशा उपलब्ध ना हो तो पीले फूल का भी उपयोग किया जा सकता है।

## कन्या अथवा ब्राहम्ण भोजन

मार्जन करने के पश्चात ११ कन्याओं को भोजन कराना चाहिए एवं उनकी प्रसन्नता के लिए उन्हें सामर्थ्यानुसार वस्त्र एवं दक्षिणा देनी चाहिए।

...................................

Sumit Girdharwal Ji & Shri Yogeshwaranand Ji
9410030994, 9540674788
sumitgirdharwal@yahoo.com, shaktisadhna@yahoo.com
www.baglamukhi.info, www.yogeshwaranand.org

# Devi Baglamukhi Hridaya Mantra

## ।। श्रीबगलामुखीहृदयमंत्र ।।

